卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 211 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦12 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## गुजरात में प्रेशर टैंक फटने से किच्छा के दो युवकों की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। गुजरात के बड़ौदरा में काम करने गए किच्छा के दो युवकों की केमिकल फैक्ट्री में टैंक फटने से मौत हो गई। घटना से मृतकों के



परिजनों में कोहराम मचा है। दोनों मृतकों के शव आज रात तक किच्छा लाये जाने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा बंडिया निवासी 8 युवकों को ठेकेदार के माध्यम से गुजरात के बडोदरा स्थित ईपैक केमिकल फैक्ट्री में लग रहे नए प्लांट में काम करने के लिए ले जाया गया था। बताया गया है कि वहां पर फैक्ट्री में पानी के प्रेशर टैंक की मरम्मत का काम चल रहा था जिसमें पानी भरा जा रहा था। इसी दौरान अचानक टैंक फट गया और उसके आस पास काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। घायल मजदूरों को वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर किच्छा के दो युवकों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों के साथी किच्छा निवासी श्रमिक अजीत ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि वे लोग किच्छा के ही ठेकेदार के साथ गुजरात के बड़ौदा स्थित ई पैक केमिकल फैक्ट्री में काम करने हेतु गए हुए थे जिसमें पानी के प्रेशर टैंक का काम चल रहा था जिसमें पानी भरा जा रहा था। अजीत ने बताया कि टैंक में अधिक प्रेशर बन जाने के कारण टैंक फट गया और उसके आस पास काम कर रहे मजदूर चपेट में आ गए। अजीत ने बताया कि इस हादसे में किच्छा निवासी 26 वर्षीय सूरज तथा 27 वर्षीय विशाल कुमार उर्फ बंटी की मौके पर ही हादसे में मौत हो गई। दोनों मृतकों के शवों को मुंबई एयरपोर्ट से लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने श्रमिकों का पोस्टमार्टम कराने के बाद मुंबई एयरपोर्ट से देहरादून के लिए टिकट करवा दिया लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

### धामी ने सचिव को सौंपी दोनों शवों को पहुंचाने की जिम्मेवारी

किच्छा। गुजरात के बड़ोदरा में किच्छा के श्रमिकों की दुखद मृत्यु का समाचार पाकर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वहां से सभी श्रमिकों तथा मृतकों के शवों को किच्छा लाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की। जानकारी देते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि पत्रकारों द्वारा उन्हें अवगत कराया कि किच्छा के कुछ श्रमिक गुजरात के बड़ौदरा स्थित दहलेज में हादसे का शिकार हो गए हैं तथा दो लोगों की दुखद मृत्यु हो गई जिस पर उनके द्वारा श्रमिक अजीत सिंह से फोन पर वार्ता कर संपूर्ण जानकारी इकट्ठा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से श्रमिकों की मदद करने की गुहार लगाई। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सचिव रंजीत सिंह को घायल श्रमिकों और मृतकों के शवों को उनके परिजनों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंप दी है और विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि घायलों एवं मृतकों को गुजरात सरकार एवं उत्तराखंड सरकार से भी आर्थिक मदद देने हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## कपाट खुलते ही बद्रीनाथ में उमड़ा भक्तों का सैलाब

चमोली (उद संवाददाता)। बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को



विधि विधान के साथ खुल गए। हजारों श्रद्धालु इस पावन पल के साक्षी बने। कपाट खुलते ही धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। धाम के कपाट खुलने के दौरान हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बदरी विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, उद्धव जी एवं गाडू घड़ा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूक धारी एवं बदरीनाथ -केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान (शेष पृष्ठ सात पर)

### राज्यपाल ने किये दोनों धामों के दर्शन

रूद्रप्रयाग। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) केदारनाथ और बदरीनाथ धाम पहुंचे। पहले उन्होंने बाबा केदार के दर्शन कर पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक कर विश्व एवं जन कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी की। राज्यपाल ने धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील की।धाम पहुंचने पर जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन ने वृद्धा को रौंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं किच्छा में घर से पुत्री के घर जा रही वृद्धा को मार्ग में तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने रोंद दिया। जिससे वृद्धा की मौके पर



ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गडरिया बाग प्राग फर्म निवासी 90 वर्षीय वासमती पत्नी कैलाश गत सायं समीप ही रहने वाली अपनी विवाहित पुत्री से मिलने घर से पैदल जा रही थी। अभी वह कुछ दूरी पर ही पहुची थी कि तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन चालक ने उसे रोंद दिया और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना में वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक किलो चरस ले जाते बाईक सवार नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मनोज



कत्याल ने बताया कि पुलिस टीम रामपुर रोड प्रीत विहार को जाने वाली रोड के पास मुख्य सड़क पर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## संकीर्तन से आकर युवक ने लगा ली फांसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रविन्द्रनगर में आयोजित किये जा रहे महानाम संकीर्तन के मध्य से उठकर घर आकर एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही परिजन घर आ पहुंचे और युवक को फांसी से उतार कर उपचार के लिए चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रविन्द्रनगर निवासी




सत्यजीत का परिवार गत रात्रि नेताजी सुभाष पार्क में आयोजित महानाम संकीर्तन श्रवण करने गया था। मध्य रात्रि उनका 24 वर्षीय पुत्र शिवपद मंडल जो पेंटर का काम करता था घर आया। जब वह काफी देर तक वापस आयोजन स्थल पर नहीं लौटा तो उसका पता लगाने उसके दोस्त श्याम को घर भेजा। फोन बंद होने पर दोस्त ने उसका कमरा खोलना चाहा तो वह भीतर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो श्याम ने खिड़की से भीतर झांक कर देखा जहां उसने शिवपद को फांसी पर लटका पाया। उसने इसकी जानकारी तुरंत सत्यजीत को दी। जिस पर सारा परिवार व अन्य कई लोगवहां पर आ पहुंचे। उन्होंने शिवपद को तुरंत फांसी से उतारा और उपचार के लिए चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## लोन में छूट का लालच देकर 1.64 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोन में छूट का लालच देकर एक खाताधारक से 1.64 ठग लिये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रपट दर्ज करा दी हैं। दर्ज रपट में भगवान दास निवासी गोलमढैया ठाकुर नगर वार्ड 10 ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि उसका एसबीआई व एक्सिस बैक खाता है। 16 दिसम्बर 2023 को अज्ञात व्यक्ति को कॉल आया। जिसने स्वंय को शटलकॉक कम्पनी का कर्मचारी बताकर कहा कि आपको (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की निकाय चुनाव पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट ने आज यहां भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी निकाय चुनाव पर विस्तार से चर्चा कर सभी से मजबूती के साथ चुनाव तैयारियों में जुटने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निकाय चुनाव में आरक्षण की स्थिति साफ हो जाने के बाद ही दावेदारों के आवेदन जिला स्तर के माध्यम से लिये जायेंगे। तत्पश्चात कमेटी द्वारा नामों का पैनल प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा। श्री भट्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले अपार समर्थन से कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। चुनाव परिणाम के बाद नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनहित के कई निर्णय लिए गये हैं। जिसका कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रचार प्रसार करे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर वार्ड में जाकर लोगों से मुलाकात करे और उन्हें समझाये कि भाजपा शासन में ही सभी के हित सुरक्षित रह सकते हैं। बैठक के दौरान श्री भट्ट ने जिले भर से आये पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनका उत्साह वर्द्धन किया। बैठक के दौरान अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी आवेदारी भी प्रस्तुत की। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुजन सुखीजा, विकास शर्मा, उत्तम दत्ता, राजेश तिवारी, वेद ठुकराल, विवेक सक्सेना, अनिल चौहान, सुरेश कोली, मंडल अध्यक्ष धर्मसिंह(शेष पृष्ठ सात पर)





अनाधि निधनो देव, शंख चक्र गदाधर,
अव्ययम पुंडरीकाक्ष, पितृ मोक्ष प्रदोभव।



डॉ. जगदम्बा प्रसाद चंद्रा
(1940-2024)

रस्म तेरहवीं व ब्रह्म भोज

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य **डॉ. जगदम्बा प्रसाद चंद्रा जी** का स्वर्गवास सोमवार, 2 मई 2024 को हो गया है उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म तेरहवीं व ब्रह्मभोज दिनांक 13 मई 2024, दिन सोमवार** को दोपहर 1 बजे से भानु प्रताप मैमोरियल पब्लिक स्कूल, शारदा एन्क्लेव, रूद्रपुर में होगी।

शोकाकुल

**डा. प्रकाश चन्द्रा**
एवं समस्त चन्द्रा घनशाला
एवं कंडवाल परिवार
मो. 9837180411,9013497959,
8714191257, 8077662250

स्थल के दिशा निर्देश हेतु QR कोड को स्कैन करें

# केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए लगाया भंडारा

## सरकार ने चारधाम यात्रियों के खानपान, रात्रि विश्राम और अन्य सुविधाओं के लिए किए इंतजाम

देहरादून/ रूद्रप्रयाग।(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड सरकार द्वारा चारधाम यात्रियों के खानपान, रात्रि विश्राम और अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। केदारनाथ में पैदल यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को यात्रा में दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पैक्ड भोजन की व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन की ओर से पांच हजार तीर्थयात्रियों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। केदारनाथ सेवा समिति की ओर से भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया जा रहा है। जनपद उत्तरकाशी के गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्री सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन कर रहे हैं। भीड प्रबंधन व ट्रैफिक के सुचारू संचालन हेतु यमुनोत्री मार्ग पर वाहनों को चिन्हित स्थानों पर कुछ समय के लिए रोकने के बाद नियंत्रित तरीके से आगे की यात्रा के लिए रवाना किया जा रहा है।गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसको देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा भीड़ प्रबंधन तथा ट्रैफिक संचालन के लिए चरम यात्राकाल के दिवसों हेतु तय किए गए प्रबंध यात्रा के पहले दिन से ही लागू कर दिए हैं। यमुनोत्री धाम में बड़ी संख्या में यात्रियों के पहुँचने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही को रेगुलेट करने के साथ ही जानकीचष्ट्टी से यमुनोत्री पैदल मार्ग पर डडी-कंडी व घोड़े खच्चरों को रोटेशन के अनुसार चलाया जा रहा है। इसके साथ ही यमुनोत्री पैदल मार्ग पर अत्यधिक भीड़ हेतु बनाये गए वैकल्पिक वनमार्ग को भी पहले ही दिन से ही घोड़े-खच्चरों की एकतरफा जाने के लिए उपयोग में लाया गया है। इन प्रबंधों के चलते यमुनोत्री पैदल मार्ग श्रद्धालुओं की आवाजाही सुव्यवस्थित और सुचारू बनी हुई है। वहीं केदारनाथ धाम, हेलीपैड, केदारनाथ पैदल मार्ग और केदारनाथ हाईवे पर तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु जिला प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे के साथ ही अलग से यात्रा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस यात्रा कंट्रोल रूम में हर 24◦7 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रा की हेल्पलाइन नंबर पर यात्रियों द्वारा दर्ज समस्यायों का समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही हेलीपैड और पैदल मार्ग, हाईवे और केदारनाथ धाम में यात्रियों को कोई परेशानी होती है तो प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे के जरिये देखा जा रहा है और फिर शीघ्र ही उस स्थान पर संबंधित अधिकारियों को भेजकर यात्रियों की दिक्कतें शीघ्र दूर करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में इस वर्ष केदारनाथ में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष अधिक सफाईकर्मियों को तैनात किया गया हैं। यात्रियों को परेशानी हो और यात्रा मार्ग पर गंदगी और कचरा ना फैले इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए है ताकि यात्रियों तुरंत स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।

## यमुनोत्री में पैदल मार्ग पर `आउट ऑफ कंट्रोल' हुई यात्रियों की भीड़, पुलिस को रोकने पड़े यात्री

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सुरक्षा को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस ने यात्रियों से अपील की है। पुलिस ने अपने एक्स अकाउंट पर सूचना जारी कर कहा कि आज यमुनोत्री धाम में क्षमता के अनुसार पर्याप्त श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आने जा रहे हैं, उनसे अपील है कि आज यमुनोत्री जी की यात्रा को स्थगित करें। यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से पैदल मार्ग पर हादसे का खतरा है। करीब पांच से छह किमी का यमुनोत्री पैदल मार्ग बेहद संकरा है। जिसका कुछ हिस्सा चट्टान पर तो कुछ हिस्सा लोहे के एंगल पर लिंटर डालकर तैयार किया गया है। जिससे यहां पैदल मार्ग पर दबाव बढ़ने पर हादसे का खतरा बना हुआ है। यमुनोत्री



पैदल मार्ग पर भीड़ के चलते श्रद्धालुओं के फंसने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोग इस वीडियो को तेजी से शेयर कर रहे हैं। जिसमें एक स्थानीय व्यक्ति प्रशासन व सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां पर डोली वालों के लिए भी कोई व्यवस्था है। न पिट्ठू वालों के लिए, न यात्रियों के लिए, न घोड़े और न घोड़ा संचालकों के लिए व्यवस्था है।

## आदि कैलास-ओम पर्वत यात्रा के पहले दल में 49 यात्री शामिल

नैनीताल। उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल विकास निगम संचालित आदि कैलास-ओम पर्वत यात्रा रविवार से शुरू हो रही है। पहले दल में 49 यात्री शामिल हैं। इसमें 32 पुरुष, 17 महिलाएं शामिल हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक 13, नई दिल्ली में



11, बंगाल के छह, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र के दो-दो, ओडिसा के पांच यात्री हैं। यात्रा के लिए अब तक करीब पांच सौ यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। केएमवीएन के जीएम विजय नाथ शुल्क ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए आधार शिविरों, कैंप में कर्मचारियों की तैनाती की जा चुकी है। हर दल के लिए कर्मचारी गाइडों की तैनाती भी की है। पहला दल रविवार को काठगोदाम से सुबह आठ-नौ बजे के बीच रवाना होगा जबकि दूसरा दल 16 मई को, तीसरा 19 मई को, चौथा 22 मई, पांचवां 28 मई को, सातवां 31 मई को, आठवां तीन जून, नौवां छह जून को, दसवां नौ जून, 11 वां 12 जून, 13 वां 15 जून, 14 वां 21 जून, 15 वां 24 जून को रवाना होगा। पहली बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर टनकपुर से भी यात्रा शुरू की जा रही है। पहला दल 18 मई को जाएगा।

## अखंड हरिनाम संकीर्तन नगर कीर्तन के साथ सम्पन्न

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन नगर कीर्तन तथा धुलोट कार्यक्रम के साथ समापन हो गया है। शुक्रवार को अखंड हरि नाम संकीर्तन समापन के उपरांत महिलाओं ने महाप्रभु गौर निताई की चित्र के साथ नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाली गई। इससे पहले बुधवार को संकीर्तन की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली। आमंत्रण अधिवास के बाद मंगल घट की स्थापना हुई। इसके बाद आचार्य आलोक घोष जी की अगुवाई में मंगल ध्वनि के बीच अष्टम प्रहर व्यापी



अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया था। आयोजन समिति के अनुसार इस बार मानव मुक्ति संप्रदाय शम्तिफार्म, श्रीराम संप्रदाय दिल्ली, पीलीभीत दिनेशपुर की मंडली ने भाग लिया शुक्रवार को प्रात: प्रभात कीर्तन के बाद ठाकुर जी को पुजारी के द्वारा मालसा भोग लगाया गया। छोटे से कुंड बनाकर उसमें पानी डालकर मिट्टी की लेप से होली खेली गई। उसके बाद सभी लोगों ने अगले साल अखंड नाम संकीर्तन की संकल्प के साथ कीर्तन समापन हो गया। वहां दीपा सरकार, मालती गाईन,सुजाता राय,राधा विश्वास,शिखा ढाली,मीना मंडल, सरस्वती विश्वास,स्वाती चक्रवर्ती, सुनीता मिस्त्री, दुलाली राय, दीप्ति मंडल, सीमा मंडल, पुष्पा ढ़ाली, सावित्री ढाली, कनिका मंडल आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी गावा ने किया माता के जागरण का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।न्यू कृष्णा कॉलोनी में प्रथम सार्वजनिक जागरण में भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुशील गावा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर शीश नवाया। जागरण कार्यक्रम में सबसे पहले दीप प्रज्वलन यजमान पवन गंगवार और पलक



गंगवार ने किया। इसके बाद अतिथि सम्मान हुआ। बरेली से आए जागरण कमेटी ने बहुत सुंदर भेटें प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि जागरण करने की परंपरा सदियों से चलती आ रही है। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य के जीवन को सफल बनाने के लिए में मां का आशीर्वाद जरूरी है। इस जग को जनने वाली माँ को याद करके उसकी कृपा पाने का यह एक सुंदर, सरल, अनूठा और अपने आप में सम्पूर्णता लिए हुए एक अवसर है। इस दौरान समाजसेवी पवन गंगवार, पलक सक्सेना गंगवार, सचिन छाबड़ा, सौरभ पुंशी, राम अवतार सिंह, छोटेलाल गंगवार, अखिलेश गंगवार, मुनेंद्र पाल, हरिओम गंगवार, प्रदीप गंगवार, नोनी राम राजपूत, प्रेमपाल सागर, चरण स्वरूप, राजकुमार पंडित, प्यारेलाल गंगवार, हरपाल राजपूत, दिलीप सागर, मुन्ना लाल गुप्ता, मुनीश गंगवार, दुर्गेश यादव, श्रीपाल आदि मौजूद थे। संचालन समाजसेवी पवन गंगवार ने किया।

## गुरु अंगद देव एवं गुरु अर्जुन देव के प्रकाश पर्व पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

### जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया को भी किया नमन, प्रतियोगिता में गुरप्रीत कौर रही प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु अंगद देव जी, श्री गुरु अर्जन देव जी के प्रकाश पर्व के साथ सिख धर्म के महान जरनैल और दिल्ली फतह करने में अहम भूमिका निभाने वाले जस्सा सिंह रामगढ़िया का 301 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के तत्वाधान में ग्राम शोका नगला के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सोदर रहिरास साहिब के पाठ के साथ तथा समापन अरदास के साथ किया गया।इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक स. सतनाम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने श्री गुरु अंगद देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा गुरुमुखी लिपि का प्रचलन और मल्ल अखाड़े कायम करके युवा पीढ़ी में अपने शरीर को स्वस्थ रखे जाने का अभियान चलाया । गुरु अंगद देव जी ने सेवा और नम्रता से गुरुगद्दी प्राप्त कर संगत को एक नई दिशा दिखाते हुए एक परमात्मा की भक्ति के साथ जोड़ा। उन्होंने सभी को गुरुमुखी लिपि का ज्ञान प्राप्त करने का आह्वान किया।सिख मिशनरी कॉलेज के इंचार्ज देवेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 1430 अंकों में लगभग 700 अंकों में गुरु अर्जन देव जी की वाणी है उनके द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की संपादना करके उनके स्वरूप को दरबार साहिब अमृतसर में स्थापित करवाया। गुरु अर्जुन देव द्वारा दरबार साहिब श्री अमृतसर,तरन तारन सहित अनेको गुरुधामों की स्थापना करके विदेशी एवं स्थानीय शक्तियों के धर्म के क्षेत्र में दखल पर रोक लगाई थी वहीं गुरु अर्जुन देव जी की मुगल शासक जहांगीर के आदेश से लाहौर में हुई शहीदी को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा भावना से मनाया जाता है ।वहीं उन्होंने दिल्ली फतेह करने में अहम भूमिका निभाने वाले महान जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया के जीवन पर भी प्रकाश डाला गया । इस दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह ,कैलेंडर एवं उपहार देकर सम्मानित किया



गया।इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में विशेष भूमिका का निर्वाह करने वाली बालिका गुरप्रीत कौर को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर ग्रंथी जगजीत सिंह, प्रधान सतनाम सिंह, मनिंदर सिंह,गुलजार सिंह,हरमंदीप सिंह, अंशदीप सिंह,निहाल सिंह, रणदीप सिंह,लक्ष्यवीर सिंह,हरप्रताप सिंह,गुरकीरत सिंह,हरकीरत कौर, अंशप्रीत कौर,तनवीर कौर,सुखमण कौर, गुरकीरत कौर,गुरमनदीप कौर, मनसीरत कौर,हर्षप्रीत कौर, जशनदीप कौर,बलविंदर कौर,सतिंदर कौर, दलजीत कौर, रनविंदर कौर, मनप्रीत कौर, नवनीत कौर,हरमनदीप कौर, हरजोत कौर,कुलजीत कौर, गुरप्रीत कौर, जगजीत कौर, सुखविंदर कौर, पलविंदर कौर, आदि कार्यक्रम में शामिल रहे।

# चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस सिंधी चौराहे के पास चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत घूम रहा युवक पुलिस को देखकर मैजिक स्टैंड के पास स्थित खंडहर में घुस गया। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 245 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजवदन पटेल पुत्र अनिल पटेल निवासी ग्राम जयमंगलापुर (नरकटियागंज) थाना शिकारपुर जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार हाल मुनगली गार्डन रामपुर रोड बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह उक्त चरस गांधीनगर में रहने वाले छोटू से लेकर आता है और ऊंचे दामों में नशेड़ी लोगों को बेच देता है। उसके पास से एक मोबाइल और 9015 रूपए भी बरामद हुए हैं।

# खाना खा रहे व्यक्ति की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दक्ष चौराहा पर होटल में खाना खा रहे व्यक्ति की बाहर खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। कमलेश कुमार सिंह पुत्र चन्द्र देव सिंह निवासी गंगापुर लोहरी, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 6 अप्रैल को समय लगभग रात्रि 8 बजे वह अपनी मोटर साईकल संख्या यूके 06 एआर 8946 पर सवार होकर दक्ष चौराहा गया था। मोटर साईकल होटल के किनारे खडा कर लॉक लगाकर होटल में खाना खाने के लिये चला गया। जब वह खाना खाकर होटल से बाहर आया तो वहा पर उसकी मोटर साईकल नहीं थी जोकि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है।

# चार महिलाओं समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

काशीपुर। गाली गलौज व झगड़ा फसाद करने के आरोप में पुलिस ने चार महिलाओं समय 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सीताराम कॉलोनी बिजली घर के पास रमपुरा निवासी पप्पू पुत्र राम रतन ने बताया कि यही के लल्ला मोहित, सेवक, सोनू, सागर, उज्जवल, सोनू की पत्नी हिना, लल्ला की पत्नी वीरो, सेवक की पत्नी सरिता तथा खिलेंदर की पत्नी मुकेश देवी ने आपस में एक राय होकर शिकायतकर्ता को सरे राह रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी 10 लोगों के खिलाफ धारा 147 341 323 504 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# दीपक ने पेश की मेयर पद की दावेदारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नगर आगमन पर डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा मंच के संयोजक दीपक सागर ने अपने मंच के पदाधिकारियों के साथ शुभकामनाएं देते हुए पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। दीपक सागर ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रुद्रपुर नगर निगम के चुनाव में मेयर पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत कर बताया कि वह बाल्यकाल से ही स्वयं सेवक है और संगठन में विभिन्न पदों का निष्ठा और समर्पण भाव से निर्वहन किया है। वह और उसका परिवार जनसंघ से आज तक पार्टी की



नीतियों,रीतियों और केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करता रहा है और प्रत्येक चुनाव में मेहनत कर चुनाव जिताने का कार्य कर रहें है। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड की लोकसभा पांचों सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के क्रम में नगर निकाय 2024 के चुनाव में भी भाजपा उत्तराखंड में विजय श्री का परचम लहरा कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राजू राजोरिया, एडवोकेट सुशील कुमार सिंह, अमन सागर, कांति कोली, प्रदीप सागर, गोल्डी, संजीव सागर, सोनू सागर, मुकुल सागर, गौरव सागर, विक्की सागर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# तलाकशुदा पति पर उत्पीड़न करने व जेवर लूटने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने तलाकशुदा पति पर उत्पीड़न करने तथा परिजनों के साथ उसके कमरे में आकर जेवरात लूट ले जाने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में नीलम पुत्री यदवीर सिंह निवासी भदईपुरा ने कहा है कि उसका पति बाबूराम पुत्र लाखन लाल का आपसी विवाद हुआ था। जिसमें न्यायालय न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय प्रथम श्रेणी उधम सिंह नगर द्वारा पति को 23.06.2002 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुतार सम्पन्न विवाह 1955 को धारा-13 बी के तहत एतदद्वारा निर्णय एवं आदेश की तिथि से विच्छेदित घोषित कर दिया गया। न्यायालय के आदेशो की अवहेलना कर पति बाबू राम उसके घर में घुस कर नाजायज तरीके से अत्याचार करता है तथा गला दबाकर जान से मारने की प्रयास में है। महिला का आरोप है कि बाबू राम के साथ सतीश गोस्वामी पुत्र लाखनलाल, दीपक कुमार गोस्वामी पुत्र सतीश गोस्वामी तथा शिवा गोस्वामी पुत्र सतीश गोस्वामी द्वारा उसकी अलमारी से सोने की झुमकी, मंगल सूत्र, अंगूठी, दो जोडी पायल, एक जोडा सोने के कुन्डल निकाल लिये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि

समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें:
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# पोस्टमार्टम हाउस में पेयजल के लिए भेंट किया फ्रीजर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पोस्टमार्टम हाउस में पेयजल की सुविधा के लिए समाजसेवी अजीत प्रकाश ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मौजूदगी में फ्रीजर प्रदान किया। पोस्टमार्टम हाउस आने वाले लोगों को पिछले लम्बे समय से पानी नहीं मिल पाने के चलते इधर उधर भटकना पड़ता था। समाजसेवी ललित बिष्ट ने इसको



लेकर समाजसेवी अजीत प्रकाश से बात की। जिस पर अजीत प्रकाश ने आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर फ्रीजर प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, ललित बिष्ट, पूर्व पार्षद बबलू सागर ,वीरेंद्र तिवारी, बंटी कोली, शिवपद सरकार,अम्बरीश तिवारी,आशीष सिंह,रोहित सिंह,संजय आदि लोग थे।

# सरकार द्वारा पिरूल के दाम बढ़ाना स्वागत योग्य : पंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा चीड़ की सूखी पत्तियों को 50 रुपये किलो में खरीदने का निर्णय स्वागत योग्य है। पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरण कार्यकर्ता



डा. आशुतोष पंत ने कहा है कि अधिक आय के लिए ग्रामीण इसे इकट्ठा करेंगे तो यह जंगल की आग को नियन्त्रित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से जंगल धू धू कर जल रहे हैं। यहां आग लगने के पीछे कारण आदमी ही होते हैं। कुछ अनजाने में आग लगाते हैं तो कुछ जानबूझकर। यह आग एक बार लग जाये तो इसके फैलने का एक बहुत बड़ा कारण चीड़ की सूखी पत्तियाँ होती हैं। इनमें काफी मात्रा में ज्वलनशील तेल होता है। जिसके कारण आग बहुत जल्दी बड़े क्षेत्र में फैल जाती है। डा. पंत ने कहा कि पहले पिरूल की कीमत 3 रुपये किलो निधारित थी तो लोग इसे इकट्ठा करने में रुचि नहीं लेते थे। अब 50 रुपये किलो खरीद मूल्य होने पर उम्मीद है इसका अधिक उठान होगा तो प्रत्यक्ष रूप से दावानल पर नियन्त्रण होने की सम्भावना बनेगी। उन्होंने कहा कि आग लगाने वालों के विरुद्ध भी सरकार कठोर कार्यवाही कर रही है यह अच्छी पहल है। अब इससे बढ़कर वनों में आग लगाने वालों पर हत्या के अभियोग में कार्यवाही होनी चाहिये। पेड़ पौधों में भी जीवन होता है। इसके अलावा जंगल की आग में हजारों छोटे बड़े जानवर, पक्षी, उनके बच्चे जलकर मर जाते हैं। इन सबकी हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को कडी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि औरों के लिए भी मिसाल बने। डा. पंत ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि पिरूल के दाम बढ़ाने का एतिहासिक निर्णय लिया है पर इसकी खुद मॉनिटरिंग करनी होगी कि जल्दी से जल्दी शासनादेश निर्गत हो जाए कहीं ऐसा ना हो कि लालफीताशाही के कारण फाइल सचिवालय में ही घूमती रह जाए और फायर सीजन बीत जाए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जहाँ भी जंगलों में आग लगी देखें उसे बुझाने का भरसक प्रयास करें। ये ना समझें कि यह वन विभाग का ही काम है। उनकी तो ड्यूटी है ही पर उनके पास स्टाफ सीमित होता है। जिस दौरान आग की घटनाएं बहुत ज्यादा हो रही होती हैं तो सब जगह उनका पहुँच पाना सम्भव नहीं हो पाता है। जब तक उन्हें सूचना मिलेगी तब देर भी हो सकती है। विनाश को रोकना सभी का कर्तव्य है देखकर भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए। अगर शुरुआत में प्रयास किया जाय तो बहुत आसानी से आग पर काबू पाया जा सकता है। एक बार आग फैल गयी तो फिर बहुत बड़ा नुकसान करती है। डा. पंत ने बताया कि रुद्रपुर में नियुक्ति के दौरान उनका अक्सर टांडा जंगल से गुजरना होता था। अपने स्टाफ दिनेश कुमार के सहयोग से उन्होंने तीन बार आग बुझाने का प्रयास किया। दो बार तो आग की शुरुआत थी तो हम सफल भी हुए। खास बात यह है कि उस दौरान उस रोड से सैकड़ों गाड़ियां गुजरी पर किसी ने रोककर सहायता करने के बारे में नहीं सोचा। यह उदासीनता ठीक नहीं है। देश की सम्पत्ति को बचाने का प्रयास सभी को फर्ज समझ कर करना चाहिये।

# किच्छा नगर पालिका में लहरायेगा कांग्रेस का परचम: बंटी पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने जारी बयान में कहा कि आने वाले निकाय चुनाव में हर स्थिति में किच्छा नगर पालिका सीट से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी विजयी होगा।पपनेजा ने कहा कि पूर्व और वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के विकास कार्य को देखते हुए किच्छा की जनता ने नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने का मन बना लिया है। पपनेजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है क्योंकि पूरे प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है और अवैध खनन का धंधा जोरों से फल फूल रहा है जिसके चलते की किच्छा व आस-पास के क्षेत्र में ओवरलोड डंपर आदि से अनेकों जान चली गई। कई परिवारों के इकलौते चिराग तक बुझ गए लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगी।पपनेजा ने कहा कि भाजपा के मंत्री विधायक और जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक अपने स्वार्थ को सिद्ध करने में लगे हैं उन्हें आपसी लड़ाई के अलावा कुछ नहीं सूझता है। आज प्रदेश का युवा बेरोजगार है और उसे किसी प्रकार का कोई रोजगार नहीं मिल वह बढ़ती महंगाई ने जनता की कमर को तोड़ के रख दिया हैं। क्षेत्र की जनता ने आने वाले निकाय चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने का मन बना लिया है।



# माँ तुझे सलाम



माँ के प्यार का ना है कोई जवाब
ना ही उसकी कोई कीमत
और ना ही उसका जवाब
माँ की ही गोद है जहा ममता पले
अगर जन्नत है कही तो
उसके ही आंचल के तले
माँ के प्यार में बेवफाई का
कोई झरोखा नही होता
हर रिश्ता इतना अनोखा नही होता
फ्ना कर दो सारी जिन्दगी
अपनी माँ के लिए
क्योकि ये ही वो प्यार है जिसमे
कभी धोखा नही होता
माँ तो जन्नत का एक फूल है
दुनिया की सारी मोहब्बत फिजूल है
माँ की हर दुआ कुबूल है
माँ को नाराज करना ये
इन्सान की भूल है
माँ के कदमो की मिट्टी
जन्नत की धूल है
माँ जिन्दगी की कड़वाहट
में अमृत का प्याला है
माँ पृथ्वी है जगत की धुरी है
माँ बिना इस श्रिस्टि की
कल्पना भी अधूरी है
माँ की कथा अनादि है अध्याय नही
माँ का जीवन में कोई पर्याय नही
माँ का महत्व दुनिया में
कम नही हो सकता
माँ जैसा दुनिया में कोई
और हो नही सकता

**- सुषमा अग्रवाल, अध्यक्ष, अग्रवाल महिला समिति, रूद्रपुर**

# सुरेश गोरी ने नगला नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए पेश की दावेदारी

पंतनगर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर नगर निगम के वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद एवं पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी ने नगला नगर पंचायत अध्यक्ष से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है। मंडल अध्यक्ष अनिल यादव को आज दिए आवेदन में श्री गौरी ने नगला नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा उम्मीदवार के



रूप में अपना दावा पेश करते हुए टिकट देने की मांग की है। इस दौरान श्री गौरी ने कहा कि रुद्रपुर नगर निगम वार्ड एक का काफी क्षेत्र नगला नगर पंचायत से लगा हुआ है जहां मैं पिछले कई वर्षों से जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं। उनका पैतृक आवास भी नगला नगर पंचायत क्षेत्र से लगा हुआ है।

# किच्छा में स्थापित हो हाईकोर्ट: संजीव

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने हाई कोर्ट प्रयाग फॉर्म के पास स्थित सरकारी भूमि में बनाए जाने की मांग उत्तराखंड सरकार से एवं हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से पत्र के माध्यम से की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि किच्छा के नजदीक स्थित प्रयाग फॉर्म सड़क व ट्रेन यातायात के अलावा हवाई यातायात से भी जुड़ा हुआ है जो कि माननीय उच्च न्यायालय की आवश्यकताओं के अनुरूप है। जहां पर कुमाऊं एवं गढ़वाल के दूरस्थ स्थानों से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए सभी साधन मौजूद है यही नहीं यह स्थान प्रत्येक परिस्थिति में माननीय उच्च न्यायालय के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उनके द्वारा लिखे गए सुझाव पर माननीय रजिस्टार जनरल द्वारा संज्ञान लिया गया था तथा पुन: उच्च न्यायालय को नैनीताल से स्थानांतरित करने की मुहिम के चलते भूमि चयन की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है जिसके तहत किच्छा के पास स्थित प्रयाग फॉर्म की सरकारी भूमि पूर्ण रूप से उपयुक्त है। उत्तराखंड सरकार को चाहिए कि उक्त भूमि पर उच्च न्यायालय के स्थानांतरण की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा सरकार को सरकार को एक माह के अंदर भूमि चयन करने का कहा है जिसके चलते उन्होंने अपने सुझाव के माध्यम से भूमि प्रयाग फॉर्म में चयनित करने की मांग की है।





जय बदरी विशाल... भू बैकुंठ धाम बदरीनाथ के कपाट आज पूरे विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। वहीं ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज भी भू बैंकुठ धाम पहुंचे और कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बदरी विशाल की स्तुति ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# आरएएन किड्स में धूमधाम से मनाया मर्दस डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन किड्स के प्रांगण में मदर्स डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि श्रीमती मध ु राय, श्रीमती निधि राय, श्रीमती प्रीती अरोरा, श्रीमती स्वाति सिडाना, श्रीमती शादाब द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा कर्नाटक ने सभी अतिथियों व मातृगण का स्वागत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। डांस, संगीत, पोस्टर कला, मेहंदी, अन्ताक्षरी "मेरी आवाज सुनो" खुल जा सिम सिम आदि प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अतिथियों ने टेरेस गार्डन 'द ग्रीन बैंग' को खूब सराहा। अंत में श्रीमती निधि राय विद्यालय की प्रशासक ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मातृगण को पुरस्कार भी वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षिकाओं व महिलाओं को मदर्स डे की शुभकमनायें दी।





# शिविर में सैकड़ों रोगियों की हुई जांच

हल्द्वानी। काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, भुजियाघाट के नि:शुल्क मल्टी स्पेशीलिटी चिकित्सा शिविर राजकीय इंटर कॉलेज, दोगड़ा आयोजित किया गया। जिसमें 450 रोगियों की जांच की गई। कॉलेज के प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ.विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ काया कॉलेज के चेयरमेन अशोक पाल, राजकीय इंटर कालेज के प्राचार्य ने रिबन काट कर किया। अशोक पाल ने कहा जनहित मे चिकित्सा शिविरो का आयोजन निरंतर करते रहेंगे।डॉ खुल्लर ने बताया शिविर मे शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, नि:शुल्क परामर्श डीएमएस डॉ प्रीती



तिवारी, डॉ स्वाति भट्ट, डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ निवेदिता गिरि, डॉ कल्पना, डॉ सूजॉय, डॉ हरिशंकर, डॉ अंजलि ने दिया। इंटर कालेज की कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को डॉ. स्वाति भट्ट ने जागरूक करने हेतु पर्सनल हाईजिन के विषय पर व्याख्यान दिया एवं छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया।शिविर मे माइक्रो दिनेश सनवाल, ज्योति जोशी, हिताक्षी, हेमा, अमित, रेखा, चंदु डोगरा, बिल्ला, चन्दन आदि ने सहयोग किया।

# एसएस पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर प्रतियोगिताएं आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। मदर्स डे पर एस एस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मदर्स डे कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डी पी सिंह एवं प्रध ानाचार्य स.परविंदर सिंह द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उपस्थित सभी माता-बहनों को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मैं सर्वप्रथम एल के जी के बच्चों ने फिल्मी गाने- तेरी अंगुली पकड़ के चला.. से किया जिसके उपरांत यू के जी के बच्चों ने-ओ मेरी माँ ..और नर्सरी के बच्चों ने ब्राजील के गाने पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। कार्येक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने फैशन शो ,डांस



प्रतियोगिता एवं गाने की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और कार्यक्रम को बुलंदी तक पहुंचाया । कार्येक्रम का संचालन कुमारी पलक तिवारी (कॉर्डिनेटर) तथा मंच संचालन श्रीमती डिम्पल शर्मा, श्रीमती शशि अवनी सभरवाल एव कुमारी रेखा ने संयुक्त रूप से किया । मंच संयोजक श्रीमती चंदा, श्रीमती कोमल, श्रीमती अलका,श्रीमती मोनिका, श्रीमती नेहा,श्रीमती जसप्रीत, श्रीमती रेखा, श्रीमती गुरप्रीत, कुमारी रहनुमा एव कुमारी निशा पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर प्रियंका सेठी, ज्योति सिंह, गीता अरोरा,अंजलि सिंह, रीतू कौर, अन्नू पुरी, सीमा पाल, रिमझीम वर्मा, रूबी, कमर शा, हरदीप कौर, अफसाना, संदीप कौर, हेमा नैनवाल आदि बच्चों की माताएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट मुद्दे पर जनता की आवाज बनें तराई के जनप्रतिनिधि: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट लोकतन्त्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे हाईकोट शिफ्टिंग के मामले में सच का साथ दें और आम जनता की लड़ाई को अपनी लड़ाई बनाते हुए गरीबों वंचितों और युवा लोगों की आवाज बनें। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि ये लड़ाई हम तभी जीतेंगे जब सब लोग एकजुट हो कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करेंगे। भले ही हम किसी भी विचारधारा से ताल्लुक रखतें हों। उन्होंने तराई क्षेत्र के सभी विधायकों, जिला परिषद अध्यक्ष, नगर निगम, पंचायतों के पदाधिकारियों नगरपालिका के अध्यक्ष सभासदगण समस्त व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि हाईकोर्ट के मुद्दे पर रूद्रपुर के पक्ष में खुल कर आएं। पिछले 24 साल से जनता लुट रही है गरीब महंगे वकील, महंगे नैनीताल की वजह से न्याय पाने से वंचित है। सरकारी खजाने का भी भारी अपव्यय हो रहा है हर महीने सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। आपकी एक संगठित आवाज से यकीनन उच्च न्यायालय रूद्रपुर में स्थापित ही होगा।




# माइनिंग चेक पोस्टों पर खनन वाहनों से हो रही जमकर उगाही

## ekeyh ckr ij djrs gS >xMk Q lkn]jk ;YVh pSd djus dh gks jgh vkSipkfjdrk] lsdMk okguksa dk lfo/kk 'kYd ysdj NksMk tk jgk]çfr okgu ls 1000 ls 1500 dh olwyh

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए जिले के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर बनाए गए माइनिंग चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारी रॉयल्टी चेक करने के नाम पर सरकार के राजस्व को लाखों का चूना लगा रहे हैं। आरोप है कि जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों को कोई ड्रेस कोड अथवा पहचान पत्र नहीं दिए गए और ना ही इनका कोई पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है। रॉयल्टी चेक करने के नाम पर चेक पोस्टों पर तैनात हेकड़ किस्म की कर्मचारी अक्सर गुंडागर्दी व मारपीट करते देखे जा रहे हैं। झगड़ा फसाद के कारण जहां एक और कानून व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर अवैध खनन को लेकर की गई इस व्यवस्था से सरकार की छवि भी कहीं ना कहीं धूमिल हो रही है। बता दे कि अवैध खनन को लेकर सरकार की राजस्व में की जा रही लगातार सेंध मारी के मद्देनजर रोकथाम एवं राजस्व में इजाफा को लेकर शान द्वारा अधिकृत संस्थान कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी को दे दिया गया। काशीपुर जसपुर बाजपुर समेत जिले में कुल 22




चेक पोस्ट बनाए गए। डीएम उदयराज सिंह ने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहन जो अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित किये जा रहे हैं या अस्पष्ट नम्बर प्लेट के चल रहे हैं, उन्हें सीज करते हुए डीएल, रजि0 सस्पेंड की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाते हुए उक्त रॉयल्टी क्रेता एवं विक्रेता (स्टोन क्रेशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाइल स्टोन क्रेशर मोबाइल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराइजर प्लांट, हॉटमिक्स प्लांट, रेडीमिक्स प्लांट, रिटेल भण्डारणकर्ता, पट्टाधारक एवं अनुज्ञा धारक ) के विरूद्ध भी मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। पिछले दिनों संपन्न हुई एक जरूरी बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर खनन कारोबारियों के साथ बैठक आयोजित कर अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के संबंध में जागरूक किया जाये ताकि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके जिससे कि राजस्व में वृद्धि लाई जा सकें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये गये कि अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी दशा में राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के प्राधिकारी को भी निर्देशित किया कि उनकी संस्था के सभी कर्मचारी चौकिंग के दौरान अपने आईडी कार्ड पहनेंगे जिससे कि उनकी पहचान हो सकें। उन्होने कहा कि संस्था को अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिये जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा यथा सम्भव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने उपनिदेशक खनन को निर्देश दिये कि वे जनपद की सभी क्रेशरों पर नियमित चौकिंग करें व अवैध खनन में उनकी संलिप्तता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही करान सुनिश्चित करें। लेकिन इसके बावजूद रॉयल्टी चेक करने के नाम पर चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारी डीएम के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन कर्मचारियों के पास ना ही कोई ड्रेस कोड है और ना ही कोई पहचान पत्र। लगातार गुंडागर्दी एवं झगड़ा फसाद करने के कारण यह सरकार की प्रतिष्ठा पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुंडा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर मंथन ढाबे के पास, मुरादाबाद रोड पर गंगापुर के समीप सुल्तानपुर पट्टी एवं बन्ना खेड़ा की ओर जाने वाले चेक पोस्टों के हालात ऐसे हैं कि कभी भी उक्त स्थानों पर गंभीर घटना दुर्घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकेगा।

### हाईवे पर लगे बैरियर से दुर्घटनाओं की आशंका

काशीपुर। अवैध खनन परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने को लेकर जिलेभर में 22 चेक पोस्टों पर लगभग 300 कर्मचारियों की तैनाती की है। इन कर्मचारियों को दायित्व दिया गया है कि उप खनिज लदे वाहनों की रॉयल्टी को चेक करें लेकिन सूत्रों का कहना है कि चेक पोस्टों पर एक दो वाहनों के रॉयल्टी की एंट्री की जाती है बाकी के वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर छोड़ने का काम किया जा रहा है। हाईवे पर चेक पोस्ट का बैरियर लगाने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार इसी बैरियर के कारण दुर्घटनाएं घटित भी हो चुकी है। सूत्र बताते हैं कि 24 घंटे के भीतर लगभग 200 गाड़ियों को आर पार कर दिया जाता है। अप खनिज से लदे प्रति वाहन से 1000 से 1500 रुपए तक सुविधा शुल्क वसूल किए जाने की सूचना है। इस तरह रॉयल्टी चेक किए जाने के नाम पर चेक पोस्टों से सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है।

# मातृ दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमै सुनन्दा जोशी कथावाचक, मीना बिष्ट स्वरोजगार, दया जोशी पत्रकार, प्रेमवती ग्रहणी, रजनी पत्रकार, कौशल्या जोशी स्वरोजगार, निशा जोशी समाजसेवी शामिल रहीं। इस अवसर पर संस्था की कई महिलाओं द्वारा मातृ शक्ति के स्वरूपों एवं योगदानों पर आधारित काव्य पाठ किया गया।अपने सम्बोधन मै संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने कहा कि माता का स्थान हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण होता है। माता ही वह पहली शिक्षिका होती है जो



आपको बोलना एवं सही गलत की सीख देती है और समाज में आगे बढ़ने की सही शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रतिदिन ही माता पिता का होता है और मां का कर्ज कोई भी बच्चा जीवन में नहीं चुका सकता है। कहते हैं जिस घर में मां, पिता खुश रहते हैं और उनकी आज्ञा का पालन होता है वह स्वयं देवी देवताओं का वास होता है। उन्होंने आये हुए सभी सम्मानित जनों का आभार प्रकट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना एवं कविता पाठ कर हुआ। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सदस्य ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। कार्यक्रम में कविता पाठ करने वालो में मंजू सनवाल, तारा बिष्ट, मोनिका कोठारी, पूजा पन्त, वर्षा टंडन, गीता बेलवाल, बबिता टकवाल, रंजना जोशी, शीला भट्ट, सोना तिवारी, मानसी पन्त आदि ने सुंदर मनमोहक रचना सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में सारथी फाउंडेशन समिति के कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त कर संस्था के कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान दीक्षा पन्त पाण्डे, योगेश पांडे, कमल जोशी, आरपी पांडे, मोहन सिंह बिष्ट, शीला भट्ट, भावना जोशी, कौशल्या जोशी, भावना पांडे, रंजना जोशी, कला नेगी, दीप्ति जोशी, मेघा पंत, शीला राणा, गुंजन जोशी, संतोष गौड़, जय प्रकाश, कृष्णा पंत, आनंद आर्य आदि उपस्थित रहे।

# अशोक बंसल बने श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केजीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल को सर्वसम्मति से हनुमान सेवा ट्रस्ट का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त चुना गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के



पदाधिकारी एवं रुद्रपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता एवं श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के रुद्रपुर यूनिट के महासचिव विनीत जैन सहित तमाम लोग उपस्थित थे। बंसल के अध्यक्ष बनने पर शहर के तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# उड़ान संस्था ने मदर्स डे पर सरकारी स्कूल में दिया इन्वर्टर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिलाओं द्वारा संचालित संस्था उड़ान ने मदर्स डे पर राजकीय विद्यालय





रामेश्वरपुर में इन्वर्टर और बैटरी देकर उन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और गर्मी से राहत देकर मनाया। स्कूल को बहुत दिनों से इन्वर्टर की जरूरत थी क्योंकि बार बार बिजली जाने से ना सिर्फ गर्मी बल्कि अंधकार होने से बच्चों की पढ़ाई में भी दिक्कत आ रही थी। इसकी जानकारी संस्था को मिलने पर संस्था की सदस्यों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में विद्यालय को इनवर्टर का तोहफा दिया। इस अवसर पर संस्था की सदस्यों ने बच्चों के साथ कई गेम खेले और उन्हें पुरस्कृत किया। बच्चों को मदर्स डे और अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में उपहार भी दिए। इस मौके पर संस्था की चेयरवुमेन ज्योति गोयल,अध्यक्षा पायल अग्रवाल, सेक्रेटरी आस्था अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रिचा मित्तल,नीतू गोयल, प्रियंका अग्रवाल, सोनल बंसल आदि मौजूदरही।

# महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों ने किया मंत्रमुग्ध

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 37 रविंद्र नगर में 15 वां श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन के समापन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान कीर्तन मंडलियों ने मन मोह किया। अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,संजय ठुकराल ,गगन ग्रोवर, बंटी कोली,



फुदीन साहनी को आयोजकों ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होनें कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। इस अवसर पर पार्षद बबलू सागर, पूर्व पार्षद फुदेना साहनी,अध्यक्ष हीरा मंडल, उपाध्यक्ष चंदन देवनाथ, सचिव विवेक हालदार, सचिव अमित मलिक, कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, सदस्य शिवपद सरकार, अशोक कुमार, वेद नारायण, विश्वजीत विश्वास, संजू पाल,प्रकाश अधिकारी, राजेश मंडल, कमलेश प्रशांत, गोपाल, मनोज, सरबजीत, कृष्णा, पूरन पांडे, विपुल गाइन, वीरेंद्र तिवारी, विशाल मेहरा आदि सहित तमाम वार्ड वासी मौजूद थे।

# किच्छा में व्यापार मण्डल चुनाव को लेकर बैठक आज

किच्छा(उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल नगर इकाई के चुनाव को लेकर व्यापार मंडल पदाधिकारियों की बैठक आज शाम रूद्रपुर रोड स्थित हाउस ऑफ



हंगर फैमिली रेस्टोरेंट में होगी। जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंस पाल ने बताया कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव हेतु प्रक्रिया शुरू करने के लिए आज शाम व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है जिसमें नगर व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न कराए जाने को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया जाएगा तथा चुनाव संचालन समिति की घोषणा की जाएगी।व्यापारियों के वोट बनाने तथा व्यापारियों की वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने की कार्रवाई किए जाने सहित व्यापारियों के कई मुद्दों पर गहन मंत्रणा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार का नगर व्यापार मंडल का चुनाव पूर्ण रूप से पारदर्शिता अपनाते हुए कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव की यह प्रक्रिया प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी के दिशा निर्देशन के तहत किया जाएगा।

# मदर्स डे पर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की माताएं हुई सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में बड़े हर्षोल्लास तथा पारंपरिक रूप से मातृ शक्ति के प्रतीक मदर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बच्चों की माताएंरही। सर्व प्रथम सभी माताओं द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना





प्रस्तुत की गयी। बच्चों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुती दी। वही कक्षा एक व दो के बच्चो ने 'तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है मां', कक्षा तीन व चार के बच्चो ने 'मेरी मां के बराबर कोई नहीं' की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चो ने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर वहां उपस्थित सभी लोगों को भाव विभोर कर दिया। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि बच्चे तीन दिन पूर्व से ही बहुत उत्साहित थे, उन्होंने अपनी माताओं के लिए ग्रीटिंग कार्ड, बुके, गिफ्ट्स आदि बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान किया। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि बच्चों को संस्कारवान बनाना बहुत जरूरी है, उन्हें अपने माता पिता का सदा सम्मान करना चाहिए। बच्चों की माताओं ने बड़े उत्साह से लोक नृत्य, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने अन्य गतिविधियों कविता, गीत आदि भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक तथा पचास बच्चो की माताएं उपस्थित रहीं।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अर्थव्यवस्था का सुधार

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है।सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है।हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है।यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए, यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो। अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए औद्योगिक कारोबार को गति देने के साथ ही कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है।

## माँ मेरी अनमोल



माँ तेरी ममता अनमोल,
माँ तेरी छाँव का सु:ख अनमोल,
माँ मेरा वर्चस्व तू,
माँ मेरा सर्वस्व तू,तू ही जननी
तू ही शक्ति स्वरूप माँ,
रेगिस्तान की तिलमिलाती धूप में,
तू बारिश की ठंडी फुहार माँ,
नदी सी शीतलता भी तुझमें,
मंद मंद पवन की ठंडक भी तू,
हर स्वार्थ से विमुख,
तू जीवन का संचार माँ,
तेरी एक मुस्कुराहट में,
जीवन की हर मुश्किल का हल है माँ,
तेरी हर सीख जीवन का साखी है
सु:ख दु:ख से परिचय करवाती,
ऐसी अद्भुत अनमोल शक्ति है माँ,
खुद गीले में सोकर
बच्चे को सूखे में सुलाती है माँ,
भूखी रह स्वयं, बच्चों के पालन पोषण
में कसर ना छोड़े,
आँचल में जिसके स्वर्ग की अनुभूति,
माँ होती है सच्ची सहेली,
हर दर्द को सहकर जो माँ बनती है,
ऐसी जगत जननी स्वरुपा होती है माँ,
स्वंय में परिपूर्ण स्वरुप होती है माँ
जिसके जैसा कोई और
नहीं वो होती है माँ...
माँ एक तू ही रक्षक मेरी
बाकि तो सब भक्षक है।
तू रखे गर्भ में अपने
तन मन अपना वारकर तू ही मेरी पोषक है।
तेरी छाया बचाये काली नजरो से,
गोद में तेरी नि:स्वार्थ प्रेम
बाकि सब निरर्थक है।

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# अंगदान की दिशा में सार्थक भागीरथी

अंगदान महादान है, इस दिशा में सार्थक भागीरथी प्रयास करते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि राज्यों के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कक्षों में मृत मस्तिष्क कोशिका (ब्रेन स्टेम डेड) संबंधी जो मरीज हैं, उन्हें निगरानी में लेने की जरूरत है। ऐसे मरीजों के रोग का उचित सत्यापन नहीं होने के कारण देश में अंगदान की दर कम बनी हुई है। क्योंकि फिलहाल 10 लाख लोगों में से केवल एक व्यक्ति अंगदान कर पा रहा है। अतएव मृत स्तंभ कोशिका वाले मरीजों और अंग प्रत्यारोपण की जरूरत रखने वाले रोगियों को आपस में जोड़कर अंगदान की एक मजबूत प्रणाली विकसीत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को 'मानव अंग प्रत्यारोपण ऊतक अधिनियम 1994' के अंतर्गत अंजाम दिया जाएगा। केंद्र सरकार अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए एक राष्ट्र एक नीति लागू करने का प्रविधान करने की कोशिश में भी है। अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने निवास प्रमाण-पत्र की बाध्यता को हटाते हुए उम्र की सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में अपना पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाता। मालूम हो तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से 10 हजार रुपए के बीच शुल्क ले रहे थे। केंद्र सरकार द्वारा बदले नियमों के बाद अब 65 साल और उससे अधिक उम्र के मरीज भी मृतकदाता से अंग प्राप्त करने हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वेबसाइट पर सभी दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, जिसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए जरूरी है कि स्तंभ कोशिकाओं के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाया जाए। भारत में मिलावटी खान-पान और सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों के जीवनदायी अंग खराब हो रहे हैं। गोया, पांच लाख लोगों की मौत अंगों की अनुपलब्धता के चलते प्रतिवर्ष हो जाती है। दो लाख यकृत, 50 हजार हृदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से प्रति वर्ष काल के गाल में समा जाते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं। लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाता हैं। इनमें 90 फीसदी गुर्दे महिलाओं के होते हैं। भविष्य में महिलाओं को अंगदान न करना पड़े इसके लिए अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्सर्जन किया जाना जरूरी है। वैसे किसी स्वस्थ व्यक्ति की प्राकृतिक मृत्यु होने पर उसके अंगों से आठ लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति के यकृत, गुर्दे, आंत, अग्नाशय, आंखें, हृदय और फेफड़ों जैसे अंगों के अलावा त्वचा और हड्डी के ऊतकों का दान आसानी से किया जा सकता है। मानव त्वचा से महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सैल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो रही हैं। माना जा रहा है कि यदि स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण अथवा दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और बुनियादी सुधार लाने की जरूरत है। इधर वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इस हेतु गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इस चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद यदि इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का संरक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। इन कोशिकाओं का उपयोग दंपति की संतान के अलावा उनके भाई-बहन तथा माता-पिता के लिए भी किया जा सकता है। गर्भनाल से निकले रक्त को शीत अवस्था में 21 साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। लेकिन इस बैंक में रखने का शुल्क कम से कम एक-डेढ़ लाख रुपए है। ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि गरीब लोग इन बैंकों का इस्तेमाल कर पाएंगे? सरकारी स्तर पर अभी इन बैंकों को खोले जाने का सिलसिला शुरू ही नहीं हुआ है। निजी अस्पताल में इन बैंकों की शुरुआत हो गई है और 75 से ज्यादा बैंक अस्तित्व में आकर कोशिकाओं के संरक्षण में लगे हैं। इस पद्धति से जिगर, गुर्दा, हृदय रोग, मधुमेह और स्नायु जैसे वंशानुगत रोगों का इलाज संभव है। महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले जिस रक्त को रिवाजों के मुताबिक अशुद्ध माना जाता है, उसमें दरअसल जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। नए शोधों से पता चला है कि इस रक्त में स्तंभ कोशिकाएं प्रचुर मात्रा में होती हैं। जिनका उपयोग अनेक बीमारियों में किया जा सकता है। मुंबई में इन कोशिकाओं के संरक्षण की दृष्टि से 'मेन्स्टुअल स्टेम सेल' बैंक भी शुरू हो चुका है। शोधों से पता चला है कि रजस्वला स्त्री के रक्त से मिलने वाली स्तंभ कोशिकाओं में सफलता की संभावना अस्थि मज्जा से निकाली गई कोशिकाओं की बनिस्वत सौ गुना अधिक होती है। इनके संग्रह के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ की भी जरूरत नहीं होती। महिलाएं माहवारी के समय एक किट में रक्त को एकत्रित करके किट बैंक में जमा करा सकती हैं। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण भी शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला ने अपनी मां के गर्भाशय का प्रत्यारोपण कराकर बच्ची को जन्म दिया है। रियो-डि-जेनेरियो में तो एक मृत महिला के गर्भाशय का प्रत्यारोपण 32 वर्षीय महिला के शरीर में कराकर एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार माना जा रहा है। लेकिन स्तंभ कोशिकाओं से उपचार की ये प्रणालियां अभी शैशव अवस्था में हैं। उपचार भी महंगा है। इस कारण जिगर और गुर्दे की बीमारियों को प्रत्यारोपण के जरिए ही दूर करने की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी आपूर्ति के लिए सरकार की कोशिश है कि शवों (दिमागी तौर पर मृत लोगों के शव) से अंग प्राप्त किए जाएं। यह प्रत्यारोपण के लिए अंगों की आपूर्ति का सबसे अच्छा माध्यम है, जिसे लोगों में जागरूकता पैदा करके पूरा किया जा सकता है। देश में हर साल 50 हजार लोग हृदय प्रत्यारोपण के इंतजार में रहते हैं। इनमें से महज 10-15 लोगों का ही हृदय प्रत्यारोपण हो पाता है। देश में अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन अंगदाता उस अनुपात में नहीं मिल रहे हैं। अंग प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में विदेशी भी भारत आते हैं, क्योंकि यहां खर्च कम होने के साथ अंगों की खरीद-फरोख्त के चलते अंगों की उपलब्धता आसान बनी रहती है। दस साल पहले गुड़गांव के एक निजी चिकित्सालय में 600 मजदूरों के गुर्दे धोखाधाड़ी से निकाल लिए जाने का मामला सामने आया था। हालांकि अब कृत्रिम गुर्दे का भी निर्माण करने में चिकित्सा विज्ञानियों ने सफलता हासिल कर ली है। अंग प्रत्यरोपण में सबसे कारगर पद्धति अंगदान ही है। इसकी आपूर्ति तीन प्रकार से अंगदान करके की जा सकती है। पहला कोई भी इंसान जीवित रहते हुए अपना गुर्दा अथवा जिगर दान करके जरूरतमंद को नया जीवन दे। दूसरे किसी व्यक्ति के ब्रेन हेड होने पर, उसके परिजनों की अनुमति से अंगदान किया जाए। लेकिन इसमें अंगदान करने की समय-सीमा होती है। समय रहते मृत व्यक्ति के अंग निकाल लिए जाएं। इसमें परिवार की इजाजत कानून जरूरी है। यदि जागरूकता से ऐसा संभव हो जाता है तो 90 प्रतिशत महिलाओं को अपने गुर्दे दान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लिहाजा स्वाभाविक रूप में अंगदान के बावत लैंगिक असमानता कालांतर में दूर होती चली जाएगी। यह तो जग-जाहिर है कि महिलाएं ममता, करुणा और त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। लेकिन ताजा सर्वेक्षण से पता चला है कि ये अपने अंगदान करने में भी पुरुषों से आगे रहती हैं। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित किडनी अस्पताल के अंगदान से जुड़े एक अध्ययन में महिलाओं के प्रति लैंगिक असमानता का खुलासा हुआ है। महिलाएं अंग प्रत्यारोपण के लिए पुरुषों से बहुत आगे हैं, लेकिन जब उन्हें अंगों की जरूरत पड़ती है तो नहीं मिल पाते हैं। यह भी देखने में आया है कि परिवार को अंग दान करने में बेटियों के मुकाबले बेटे आगे हैं। इसकी मुख्य वजह लड़कियों की शादी में दिक्कत न आए, इसलिए उन्हें सुरक्षित रखा जाता है। 'द ट्रांसप्लांट सोसाइटी' की 28वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में पेश किए आंकड़ों से साफ हुआ है कि जीवित किडनी प्रत्यारोपण में 90 प्रतिशत महिलाओं में पत्नियां होती हैं। कुल अंगदान में 69 प्रतिशत महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष होते हैं। 74.2 फीसदी महिलाएं परिजनों को अंगदान करती हैं, किंतु उन्हें महज 21.8 प्रतिशत अंग दान में मिल पाते हैं। 70 प्रतिशत माताएं बच्चों को अंगदान करती हैं, जबकि 30 प्रतिशत पिता ऐसा करते हैं। 75 प्रतिशत दादी पोते-पोतियों के लिए अंगदान करती हैं, जबकि दादा 25 फीसदी ही करते हैं। यानी लैंगिक भेद यहां भी बरकरार हैं। हालांकि बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की संख्या बढ़ी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2013 में अंग प्रत्यारोपण की कुल संख्या 4,990 से बढ़कर 2022 में 15,561 हो गई है। साथ ही जीवितदाताओं से किडनी प्रत्यारोपण की 2013 में कुल संख्या 3,495 थी, जो 2022 में बढ़कर 9,834 हो गई है। वहीं मृतकदाताओं से यह संख्या 542 से बढ़कर 2022 में 1589 तक पहुंच गई है। इसी क्रम में हृदय प्रत्यारोपण की कुल संख्या 2013 में 30 से बढ़कर 2022 में 250 हो गई है। वहीं फेफड़े के प्रत्यारोपण की संख्या 23 से बढ़कर 138 हो गई है। बावजूद अंग प्रत्यारोपण की जरूरत की पूर्ती आसानी से अंगों के उत्पादन से ही संभव हो पाएगी। लिहाजा इस जैव तकनीक को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

-प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

## मदर्स डे: माँ और बच्चे का सांसारिक प्रेम

मदर्स डे एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। माँ और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि एक पवित्र व स्वार्थ से रहित है। यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे



ऊँची व अच्छी मिसाल माँ और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी माँ के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी माँ को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहाँ तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी माँ के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक माँ का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। माँ और बच्चे के रिश्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है। एक माँ अपने बच्चे के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है। वह स्वयं अपनी थाली से भोजन लेकर बच्चे को खिलाती है। इसी प्रकार वह स्वयं अपना कोट उतारकर बच्चे को देती है ताकि उसका बच्चा गर्म महसूस कर सके। एक माँ द्वारा अपने बच्चे के लिए की गई कुर्बानियों व बलिदान का कोई अंत नहीं है। इस पवित्र रिश्ते में एक माँ अपने बच्चे के प्रेम के सिवाय इस दुनिया के जितने भी लगाव व प्रेम हैं उनको छोड़ देती है। जब बच्चा उसकी बाहों में लेटा होता है तो वह सब कुछ भूल जाती है और सिर्फ अपने बच्चे के प्रेम में मगन रहती है। एक माँ इस रिश्ते में अपना आपा अर्थात् अहंकार को त्याग देती है। इसी प्रकार एक माँ अपने बच्चे की इच्छाओं के आगे स्वयं को झुका लेती है और उसकी निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। हम जानते हैं कि एक माँ का अपने बच्चे के प्रति प्रेम नाजुक और हृदय स्पर्शी है। यह सांसारिक प्रेम का शुद्ध रूप है जो कि पूरी तरह से स्वार्थ से रहित है। इसके साथ ही बच्चों को भी यह जानना और समझना चाहिए कि उनकी माताएँ किस प्रकार उनकी सेवा करती हैं और कितना वे उनके आराम और सुख-सुविधा के लिए त्याग करती हैं। जब हम बड़े हों तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपनी माताओं के लिए क्या करें। हम उन्हें आदर सहित प्रेम करके ऐसा कर सकते हैं। हम अपने अंतर्मन से हमारे लिए की गई उनकी कोशिशों व प्रयासों को स्वीकार करें। इसके साथ ही यह भी कहा जाता है कि एक प्रभु का प्रेम अपने शिश्य के लिए हजारों माताओं के प्रेम से भी बढ़कर है। सर्वशक्तिमान पिता-परमेश्वर हम सभी को बहुत प्रेम करते हैं। वे हमसे किसी भी प्रकार की कोई आशा नहीं करते और वे केवल हमें देने के लिए ही आते हैं। वे हमेशा हमें अपने अंतर में जाकर उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हम मदर्स डे के दिन यह प्रतिज्ञा करें कि हम अपनी माँ के निस्वार्थ प्यार को न सिर्फ मदर्स डे के दिन स्मरण करेंगे बल्कि उसे प्रतिदिन अपने दिलों में संजो कर रखेंगे। हम परम पिता-परमात्मा का भी शुक्रिया अदा करें कि उन्होंने हमें मानव जीवन का सुनहरा अवसर प्रदान किया है और उनके अनगिनत आशीर्वाद व असीम प्रेम का शुक्रिया अदा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम प्रेम से सदाचारी जीवन जीते हुए ध्यान-अभ्यास में समय दें और आध्यात्मिक मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

## मां तुम 'महान' हो

कहते हैं ईश्वर हर जगह पर मौजूद नहीं रह सकता इसीलिए उसने मां को बनाया जब बालक जन्म लेता है तो मां ही उसे अपने ममता भरे आंचल की छांव तले रात-भर जागकर उसे पालती- पोषती है उस पर अपना सुख -दु:ख कुर्बान करती है तथा उसे अच्छा



व्यक्ति बनाने के लिए उसमें अच्छे गुण व संस्कार भरती है जिससे वह समाज में अच्छे-बुरे की पहचान हो सके वह एक आदर्श व्यक्तित्व बन सके शिवाजी की माता जीजाबाई ने शिवाजी में धार्मिक -राजनीतिक शूर-वीरता व देशभक्ति के अमोलक गुणो का का आरोपण किया जिससे वह एक अनुपम देशभक्त व स्त्रियों का सम्मान करने वाले व श्रेष्ठ शासकों में उनका नाम गिना जाता है इतिहास में माता जीजाबाई का नाम अमर है मां अपने बालक का चेहरा पढ़ कर व उसकी आवाज से उसके हृदय की परेशानी बात जान लेती है उसकी सारी परेशानियां अपने ऊपर ओढ़ लेती है व उसे दूर करने का प्रयास करती है जंगल मे काम करती मां अपने छोटे बालक को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किये बगैर, बच्चे पर हमलावर खुंखार जानवर से भी भिड़ जाने का मादा रखती है व उसके प्राणों की रक्षा करती है। बच्चे ही मां की परछाई होते हैं जैसी उनकी परवरिश होती है वहीं गुण व संस्कार उनके जीवन में परिलक्षित होते हैं ईश्वर को भी जन्म लेने के लिए एवं अपनी लीलाओ को विस्तार देने के लिए मां के आंचल का सहारा लेना पड़ा, मां अपने बच्चो व परिवार के लिए बिना रूके, बिना थके अर्ध- निद्रा में रह भी परिवार का पालन करती है व हमेशा बिना छुट्टी लिए परिवार के लिए बीमारी में भी अडिग व समर्पित रहती है दीन -दुखियों की सेवा की प्रतिमूर्ति मदर टैरेसा, दत्तक पुत्र को कमर से बांधे अंग्रेजों से लड़ती रानी लक्ष्मीबाई, ममतामयी मां यशोदा,मां देवकी, मां कौशल्या,मां कैकयी,माता सुमित्रा माता-अनुसुइया, माता-सीता, द्रोपदी, सुनीती ,अपने पुत्र का बलिदान कर देने वाली पन्नाधाय जैसी वीरांगनाएं ,माताओ का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है मां शिक्षक, मित्र, प्रेरक, व अनुशासक होती है जो हमें मुश्किल परिस्थितियों में लड़ना सिखाती है , हौसला बढ़ाती है केवल मदर्स-डे पर ही नहीं बल्कि हमेशा अपनी माताओं की छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना, आज्ञापालनहोना व उनकी सेवा करना उनके प्रति थैक्स-फुल होना व कृतज्ञतापूर्वक होना चाहिए जिससे उन्हें हर पल हमेशा खुशी का अहसास होता रहे।

-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर

# नानकमत्ता के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था रामभरोसे

## नगर पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए पर्याप्त वाहन न होने से बढ़ी समस्या

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। क्षेत्र में पिछले काफी समय के सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है लेकिन इस ओर कोई भी सुध लेने के लिए जहमत नहीं उठा रहा है। नगर पंचायत के सभी 7 वार्डो में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है, सभी वार्डो में कूड़े के ढेर लगे है, नालियां कचरे से चोक हैं तो सिचाई विभाग की नहर भी कूड़े से पटी पड़ी है। जिससें खेतों में सिचाई में जाने वाली पानी भी प्रदुषित हो रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त न होने क्षेत्रवासियों में खासा रोष है। वही कूड़ा उठाने के लिए नगर पंचायत में वाहन व रिक्षा होने की समस्या से कर्मचारी जुझ रहे है। नगर पंचायत नानकमत्मता में करीब 10 हजार से अधिक की आबादी है, जिसमें वार्डो की संख्या 7 है ,जिसमे वार्ड 1 से लेकर वार्ड 2 व 4 की आबादी ग्रामीण क्षेत्र में है, जबकि वार्ड 3 से लेकर 4, 5, 6,7 की आबाद नगर में है। नगर पंचायत की सफाई का जिम्मा नगर पंचायत है, जिसके लिए नगर पंचायत द्वारा स्चछक कर्मचारी रखें हुऐ है। जिनकी मानिटरिंग के दो मुंशी भी तैनात है। लेकिन इसके बाबजूद नगर पंचायत





के 7 वार्डों में सफाई का बुरा हाल है। जगह-जगह कुड़े के ढेर लगे है, अधिकतर नालियां चौक हुई पड़ी है, पानी की निकासी को कोई प्रबंध नही है। जहां तक गुरूद्वारा रोड पर वार्ड 3 व वार्ड 5 से लगी सिचाई विभाग की नहर कुड़े से पटी पड़ी है। जिससें सिचाई विभाग की नहर से खेतो में जाने वाली पानी भी प्रदूषित हो रहा है। जिससें फसल खराब होने की आशंका बनी रहती है। लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी सिचाई विभाग पर पल्ला झाड़कर नहर की सफाई से हमेशा बचते रहते हैं।

## सफाई अव्यवस्था पर नगरवासी भड़के, नही की जा रही सफाई

नानकमत्ता। नगर पंचायत में रहने वाले वार्डवासियों ने नगर में सफाई व्यवस्था न होने पर खासा रोश ब्यक्त किया है। वार्ड 3 के सभासद के संभावित दावेदार विशाल गोयल ने कहा कि वार्ड की नालिया चोक होने से बीमारियों फैल रही है। नगर पंचायत का सफाई व्यवस्था पर कोई खासा ध्यान नही है। स्वच्छक कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था के साधन उपलब्ध कराकर सफाई व्यवस्था दुरस्त करना चाहिए। वार्ड 3 के ही व्यापारी महेन्द्र विष्ट ने कहा कि







पुरे वार्ड में जगह- जगह कुड़े ढेर लगे है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। मच्छरों से बचाव के लिए कोई छिड़काव नही किया है। जिससें कई बीमारियां पनप रही है। वार्ड 5 के नवीन अटवाल ने कहा कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था को लेकर मौखिक शिकायत की है, इसके बाबजुद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नही आया है। गर्मी के साथ बरसात को मौसम आने वाला है, नालियां में पानी जमा होने से डेंगू का मच्छर पनप रहें है। नगर पंचायत में कूड़ा उठाने लिए वाहनों की उचित व्यवस्था नही है। ट्राली के माध्यम से कूड़ा उठाने की व्यवस्था से भी कर्मचारी जुझ रहें है। उन्होंने नगर पंचायत में तैनात अधिकारियों पर सफाई व्यवस्था की सुध न लेने का आरोप लगाया।

## विधायक ने आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया नेगत दिनों हुई भारी बारिश के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया, और आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली, विधायक गड़िया ने ग्राम पंचायत गैरखेत के जरगाड़ तोक व सिमार तोक सहित आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न आपदा ग्रस्त स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी से वार्ता कर अतिशीघ्र पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने हेतु तत्काल आपदा प्रबंधन हेतु समुचित प्रबंध करने के दिशा-निर्देश दिए। विधायक गड़िया ने विधानसभा क्षेत्र में हो रही भारी बारिश व अतिवृष्ठि से काश्तकारों और लोगों को हुई परेशानी और वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आपदा राहत कोष से अधिकारियों को उनके सम्बंधित विभागों से क्षतिपूर्ति के लिए कार्य करने, प्रशासन



को भी प्रभावित सभी लोगों तक जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए है साथ ही संबंधित अधिकारियों को कपकोट विधानसभा के हर क्षेत्र में बारिश एवं आवागमन की स्थिति पर हर घंटे की रिपोर्ट देने एवं प्रशासन को क्षेत्रवासियों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।कहा कि विधानसभा आपदा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है अत: हम सभी को मिलकर इस मुसीबत का सामना करना है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष भुवन गढ़िया ,ग्राम प्रधान पति दरवान कपकोटी, तहसीलदार कपकोट सहित लोक निर्माण, सिंचाई व राजस्व विभाग के अधिकारी सहित राजेंद्र सिंह राठौर आनंद मेहता, भूपेश फर्त्याल ,सोनू , हरीश कपकोटी,गिरीश राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## तो क्या गन्ने की खोई से तैयार हो रहे हैं कागज?

काशीपुर(उद संवाददाता)। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने को लेकर यहां कुछ पेपर मिलें मानको को किनारे रखकर गन्ने की खोई से कागज तैयार कर रहे हैं। पेपर मिल के संचालकों की इस कारस्तानी से पर्यावरण को भारी खतरा पैदा हो गया है। नियम विपरीत तरीके से चल रहे इस काम में संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हरिया वाला रोड तथा जसपुर रोड पर गांव कुदैयावाला के समीप संचालित कात्यानी पेपर मिल के बारे में जानकारी सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ समय से यह पेपर मिल अधिकारियों से सांठगांठ कर मानकों के विपरीत संचालित की जा रही है। इस तरह प्रदूषण विभाग एनजीटी के आदेशों की खुलेआम धनजियां उड़ा रहा है। बता दें कि कुंडा थाना क्षेत्र में जसपुर रोड, हरिया वाला रोड अलीगंज रोड पर बहस पेपर मिल, विश्वनाथ पेपर मिल

### विश्वनाथ कात्यानी व बहल पेपर मिल से जलीय जीव जंतुओं को खतरा, बढ़ रही गंभीर बीमारियां

समेत लगभग आधा दर्जन पेपर मिलें पिछले कुछ समय से विभागीय अधिकारियों की लचर कार्य प्रणाली के चलते बेलगाम हो चुकी हैं। सरकार के द्वारा पेपर मिलों को जो मानक दिए गए हैं इसके अनुसार लकड़ी हुई एवं कृषि अपशिष्ट से कागज बनाने का प्रावधान है लेकिन पेपर मिलों के संचालक कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने को लेकर सीजन में गन्ने की खोई से कागज तैयार कर रहे हैं। इसमें लेबर खर्च तथा लागत कम आती है लेकिन इससे प्रदूषण बढ़ रहा है। गन्ने की खोई से कागज तैयार करने में सोडा एश का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। रोजाना निकलने वाले दूषित पानी को बोरिंग के माध्यम से या तो भूगर्भ तक पहुंचने का काम किया जा रहा है अथवा चोरी छीपे उसे नदी नहरे में छोड़ा जा रहा है। पेपर मिल के संचालकों की इस कारस्तानी से पर्यावरण को गंभीर खतरा ही नहीं पैदा हो गया बल्कि जलीय जीव जंतुओं की भी शामतआ गई है। पेपर मिल की चिमनियों से निकलने वाले गाढे एवं जहरीले धुएं से तमाम जिंदगी या मौत के मुहाने पर हैं। लोग हृदय स्वांस एवं नेत्र संबंधी गंभीर रोगों के शिकार हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के कारण आसपास के ग्रामीणों का जीवन जीना मुहाल हो गया है। **एनजीटी के आदेशों की प्रदूषण विभाग उड़ा रहा धज्जियां:** जल शोधन के लिए लगाए गए ट्रीटमेंट प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। चूंकि ट्रीटमेंट प्लांट चलाने में बिजली का अत्यधिक खर्च आता है इसलिए फैक्ट्री संचालक विषैले पानी को मौका पाकर नदी नहरों में छोड़ने का काम कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष...

**गुजरात में प्रेशर टैंक...**किसी भी प्रकार की अन्य सहायता नहीं दी है। वे लोग मुंबई एयरपोर्ट पर ही मौजूद है। श्रमिक का कहना है कि जो ठेकेदार उन्हें फैक्ट्री में काम करने के लिए ले गया था वह भी फोन नहीं उठा रहा है जिस वजह से उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अजीत ने बताया कि फैक्ट्री के अधिकारियों द्वारा उनका एयर टिकट देहरादून का बना दिया है जिस वजह से उन्हें और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समाचार लिखे जाने तक अजीत अपने साथी तथा मृतकों के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर ही मौजूद था। अजीत ने बताया कि कंपनी के अधिकारियों द्वारा उन्हें लगातार गुमराह किया गया है। यहां तक कि जो मोबाइल नंबर दिए गए हैं वह भी गलत है। कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनके पास नही आया है।दुर्घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पत्रकार सुनील कुमार एवं वेद प्रकाश ने श्रमिकों की मदद करने के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से फोन पर वार्ता कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मदद करने की गुहार लगाई। श्रमिक अजीत सिंह ने बताया है कि शाम 3बजे मुंबई एयरपोर्ट से मृतकों को देहरादून लाया जाएगा तथा उसके उपरांत की किच्छा उनके परिजनों को सौंपा जाएगा।

**कपाट खुलते ही बदरीनाथ...**बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय जीवन की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बदरीनाथ के दर्शन शुरू हो गए हैं। उत्तराखंड के चारधामों की यात्रा उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम से शुरू होती है, जो गंगोत्री और केदारनाथ होते हुए बदरीनाथ धाम पहुंचती है। वहीं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले आदिकेदारेशवर मंदिर के कपाट खुलते है। परंपरा के अनुसार सुबह पांच बजे से बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके तहत 5 बजकर 20 मिनट पर पर वैदिक मंत्र उच्चारण शुरू हुए। इसके साथ ही जब रावल ने बदरीनाथ मंदिर के द्वार दरवाजे पर लगी सील को खोला, उसी समय राज दरबार के प्रतिनिधि कांता प्रसाद नौटियाल ने मंदिर के मुख्य द्वार का दरवाजा खोला और सर्वप्रथम बदरीनाथ के रावल और बतला बड़वा ने मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश किया।

**राज्यपाल ने किये ...**तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। उन्होंने पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा व व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इसके बाद वह बदरीनाथ पहुंचे। यहां बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए और पूजा की।

**एक किलो चरस के ...**रही थी। तभी एक मोटरसाईकिल सवार बिना हैलमैट पहने आता हुआ दिखाई दिया । पुलिस टीम को देखकर वह मोटरसाईकिल को पीछे घुमाने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस पीछा कर उसे मोटर साईकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शंकर सिंह मेहरा पुत्र दीवान सिंह मेहरा निवासी ग्राम पचनाई पोस्ट अमोड़ी चौकी चल्थी थाना लोहाघाट जिला चम्पावत बताया तथा कहा कि वह सिडकुल में काम करता है। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग से चरस बरामद की गई। जिसका वजन एक किलो दस ग्राम बताया गया। पुलिस ने बरामद चरस व मोटरसाईकिल संख्या यूके 03 बी 3040 को अपने कब्जे में लेकर शंकर सिंह को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी प्रभारी एएनटीएफ साथी पुलिस कर्मियों उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल हरीश गोस्वामी , अमित जोशी व महेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।

**लोन में छूट का...**प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3.50 लाख रूपये का लोन दिला सकते हैं, जिसमे आपको 25 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। भगवानदास का कहना है कि उसे लोन की जरूरत थी इसलिए उनको 3.50 लाख रूपये की जरूरत बताकर लोन लेने के लिए हामी भर दी । उक्त कर्मचारी द्वारा मुझे बताया गया कि आपका काम हो जायेगा परन्तु आपको 25 हजार रूपये फाईल चार्ज के रूप मे देने होगें। जो उनके दिए बारकोड पर गूगल पे के द्वारा 30-12-2023 से 26-02-2024 तक कुल 1,64,670 रूपये विभिन्न चार्जो के नाम पर उनके कहे अनुसार डाल दिये । लोन देने की बात कही गई तो उनके द्वारा फिर से रूपये देने की माँग की गई । जिस पर अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधडी हो गई है । इनके द्वारा मुझे अन्य निम्न नम्बरो से भी कॉल कर लोन दिलाने का भरोसा दिलाया गया। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष...** कोली, धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल, सोनू अनेजा, सुरेश गौरी, गिरीश चतुर्वेदी, संदीप अरोरा, प्रहलाद खुराना, पूनम अग्रवाल, दिनेश भाटिया, विवेक राय, महेन्द्र पाल, राजीव सक्सेना, मीना शर्मा, संजीव खन्ना, सुभाष तनेजा, शैली फुटेला, लता पाण्डेय, कमलेन्द्र सेमवाल, लवी सहगल, मुकेश कोली, दीपक सागर, प्रियंका वाल्मीकि, जितेन्द्र गौतम, राजकुमार कोली, सूरज मुखी, भीमसेन, किरन विर्क, नत्थूलाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

**संकीर्तन से आकर...**ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक शिवपद की एक पुत्री है। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## इदरीश पाशा ने ठोकी दावेदारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में निकाय चुनाव का बिगुल बजने ही वाला है इसी को लेकर अब नगर में अध्यक्ष और सभासद पद के प्रत्याशी अपनी अपनी गोटिया फिट करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में गदरपुर के वार्ड नंबर 2 से इदरीश पाशा ने भी अपनी दावेदारी ठोक दी है। इदरीश पाशा ने बताया कि वह वर्ष 2018 में भी उनकी पत्नी ने वार्ड नंबर 2 से चुनाव लड़ी थी जो मात्र दो वोटो से पराजित हुई थी जनता का प्यार उन्हें पहले भी मिला था और इस बार जनता फिर उन्हें चुनाव मैदान में लाने के लिए उत्साहित है इदरीश पाशा ने कहा है कि वह वार्ड नंबर 2 से सभासद पद पर चुनाव लड़ेंगे। इदरीश पाशा पेशे से कोंट्रेकटर/ठेकेदार है।



## ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप उलगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि वह गरीब परिवार की महिला है। उसका विवाह राकेश कुमार पुत्र शमशेर निवासी निवासी खेडा बख्ता थाना जुलाना जनपद जींद (हरियाणा) के साथ 24 जून 2021 को हुआ था। विवाह में माता पिता ने सामर्थ के अनुसार दान दहेज भी दिया था। परन्तु पति राकेश कुमार, कर्मवीर, राकेश कुमार, पुत्रगण शमशेर मनीश पुत्र नामालूम, जेठानी मुकेश देवी पत्नी कर्मवीर, जेठानी ज्योति देवी पत्नी नरेश कुमार कम दहेज लाने का ताने मारते और लडाई झगडा करते थे। उसे मारपीट कर घर से यह कह कर निकाल दिया कि तुझे घर में नही रखेगें । वह बीमार हुई तो उसका पति राकेश कुमार उसे घर तक छोडकर चला गया। उसकी माता ने ईलाज कराया परन्तु आज एक वर्ष का समय बीत जाने के उपरान्त भी उसे कोई बुलाने नहीं आया और न ही फोन पर कोई सूचना दी गयी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उधम सिंह नगर में 'हाईकोर्ट' लाने को लामबंद हो सकेंगे राजनेता?

## हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिए निर्धारित सभी मानदंड पूरे करता है उधम सिंह नगर

-अर्श-

रूद्रपुर। ऐसे समय ,जबकि स्वयं नैनीताल उच्च न्यायालय ने गौलापार में हाई कोर्ट की शिफ्टिंग के प्रस्ताव को खारिज करते हुए राज्य के मुख्य सचिव से कोई अन्य उपयुक्त स्थान प्रस्तावित करने का निर्देश दिया है, यह प्रश्न लगातार बलवान होता जा रहा है कि क्या उधम सिंह नगर जनपद की राजनीतिक बिरादरी उत्तराखंड उच्च न्यायालय की स्थापना जनपद में करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ लाम बंद होकर सामूहिक प्रयास कर सकेगी? देखा जाए तो राज्य आंदोलन के समय से ही उधम सिंह नगर जनपद में एक से बढ़कर एक दबंग और कद्दावर नेता रहे आए हैं और वर्तमान में भी उधम सिंह नगर जनपद में वजनदार एवं जन आधार वाले नेताओं की कमी नहीं है । और तो और, स्वयं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गृह निवास भी उधम सिंह नगर जनपद के खटीमा अंतर्गत ही आता है । लिहाजा कोई कारण नहीं कि जो अगर जनपद की पूरी राजनीतिक बिरादरी अपनी दलगत प्रतिबद्धताओं को दरकिनार कर उधम सिंह नगर में हाई कोर्ट की स्थापना के लिए लामबंद हो जाए तो इस लक्ष्य को हासिल ना किया जा सके । उधम सिंह नगर जिले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए सामूहिक राजनीतिक प्रयास इसलिए भी आवश्यक हो जाते है क्योंकि नैनीताल उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय की शिफ्टिंग के लिए जो आवश्यक मानदंड निर्धारित किए हैं, उन सभी मानकों की कसौटी पर उधम सिंह नगर जनपद पूरी तरह है खरा उतरता है। बताना होगा कि नैनीताल उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने हाई कोर्ट शिफ्टिंग के मसले पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन के मुख्य सचिव को कोई ऐसा स्थान सुझाने को कहा है ,जहां पचास जजों के कोर्ट और आवास सहित 7000 अधिवक्ता चौंबर्स का निर्माण आसानी से हो सके और कनेक्टिविटी तथा सहित चिकित्सा व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो । कहने की जरूरत नहीं की उधम सिंह नगर जनपद में उक्त सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहां तक भूमि उपलब्धता का सवाल है ? तो हाईकोर्ट के लिए भूमि की उपलब्धता के हिसाब से भी ऊधमसिंह नगर एक उचित विकल्प हो सकता है। यहां शासकीय भूमि के बड़े-बड़े टुकड़े तो उपलब्ध ही हैं ,साथ ही अनेक ऐसे बड़े फॉर्म भी हैं जो आवश्यकता पड़ने पर अधिग्रहित किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऊधमसिंह नगर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि उत्तराखंड के किसी भी क्षेत्र से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। वह इसलिए ,क्योंकि यहां पंतनगर में एयरपोर्ट होने के साथ-साथ तकरीबन जनपद के सभी प्रमुख शहरों में बेहतर रेल कनेक्टिविटी भी है ।जनपद के पंतनगर, किच्छा, काशीपुर और रुद्रपुर आदि ऐसे रेलवे स्टेशन है, जहां से कई ट्रेन संचालित होती है । बात ऊधमसिंह नगर में स्वास्थ्य सेवाओं करें तो रुद्रपुर में जिला अस्पताल है। इसके अलावा रुद्रपुर में मेडिकल कॉलेज भी निरंतर विस्तार पा रहा है जो आगे चलकर बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा का एक बड़ा केंद्र बन सकता है। दूसरी ओर किच्छा में एम्स की सैटेलाइट यूनिट प्रस्तावित है, साथ ही समूचे जनपद में बड़े एवं अनुभवी निजी चिकित्सक उच्च स्तरीय निजी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा उधम सिंह नगर की सार्वजनिक यातायात प्रणाली भी बेहतर है। यहां रुद्रपुर, किच्छा समेत अन्य कई जगहों पर बस अड्डे हैं ।साथ ही निजी बस सेवा भी संचालित होती है। जनपद में हाल के वर्षों में सड़क नेटवर्क और उसकी गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। अब से पहले दिल्ली समेत अन्य जगहों तक पहुंचने में समय लगता था, लेकिन सड़कों के नेटवर्क एवं गुणवत्ता बेहतर हो जाने के कारण अब गंतव्य तक पहुंचने में कम समय लगता है ।दूसरी ओर पंतनगर के एयरपोर्ट के विस्तार की भी बात चल रही है। इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के मानकों के अनुसार विकसित करने की कार्य योजना को अमल में लाया जाना है ।कुल मिलाकर उधम सिंह नगर हाई कोर्ट की स्थापना के लिए एक आदर्श विकल्प हो सकता है जरूरत है बस एक सामूहिक प्रयास की। अब देखना यह होगा कि उधम सिंह नगर जिले के राजनेता जनपद को यह सौगात दिलाने की दिशा में कुछ करने की जह मत उठाते हैं अथवा पहले की तरह हाथ पर हाथ धरे जनपद को सरकारी खैरात मिलने का इंतजार भर करते रहते हैं?



### उच्च न्यायालय को उधमसिंहनगर में शिफ्ट किए जाने की मांग पकड़ रही जोर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय को नैनीताल से स्थानांतरित किए जाने का मामला तूल पकड़ चुका है। उच्च न्यायालय को गोलापार शिफ्टिंग करने के आदेश को निरस्त किए जाने के बाद उच्च न्यायालय को उधम सिंह नगर में शिफ्ट किए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। उधम सिंह नगर में सरकारी भूमि की उपलब्धता और आधारभूत सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के चलते यहां पर उच्च न्यायालय के शिफ्टिंग होने की ज्यादा संभावनाएं बनी हुई है। बार काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डीके शर्मा ने भी अपने सुझाव में कहा कि उधम सिंह नगर में 5000 एकड़ की भूमि पर सिडकुल बसा हुआ है। उच्च न्यायालय को यहां भी स्थानांतरित किया जा सकता है। तराई के अधिकांश अधिवक्ता उच्च न्यायालय को उधम सिंह नगर में शिफ्ट किए जाने की मांग करते हुए इसका सुझाव दे रहे हैं।














# मदर्स डे पर वॉकथन में शामिल हुई सैकड़ों महिलायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मदर्स डे के मौके पर वीरांगना ग्रुप द्वारा आज वाकथन का आयोजन किया गया । जिसमें नगर की सैकड़ों महिलाओं व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। नगर के इतिहास में पहली बार वीरांगना ग्रुप की ओर से आयोजित वाकथन आज प्रात: गांधी पार्क से प्रारम्भ हुई जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीएसओ डा. मनोज शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर व हरी झंडी दिखाकर किया। वाकथन गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर पीएसी के पहले गेट पर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात गाधी पार्क में मदर डे धूमधाम से मनाया गया। ग्रुप द्वारा वाकथन में प्रतिभाग करने वाली सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी को जलपान भी दिया गया। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा को बुकेट व पौध लगा गमला भेंट कर सम्मानित किया गया। वीरांगना ग्रुप की अध्यक्षा रेनू अरोरा ने बताया कि इस वाकथन का उद्देश्य बच्चों में माता पिता के प्रति जागरूकता व समर्पित भाव को प्रेरित करना है। रेनू अरोरा ने बताया कि वीरांगना ग्रुप भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया। विधायक अरोरा ने कहा कि मोदी मैदान को प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगा। साथ ही काशीपुर बाईपास रोड़ का चौड़ीकरण कर यहां रोज लगने वाले जाम से निजात दिलाई जायेगी। इस मौके पर उर्वशी गाबा, रोजी मल्होत्रा, रचना डंग, आरती गक्खर, पूजा, स्वाती कक्कड़, प्रीति नायर, नीता नारंग, रानी, रेनुका तागरा, पूर्वी गुप्ता, रोजी कक्कड़, कोनिका धीर, माया टुटेजा, साक्षी ओबराय, अनुराधा नारंग, नेहा मिगलानी, प्रीति ग्रोवर, सोनिया अरोरा, प्रिया कम्बोज, शारदा नरूला, निक्की ठुकराल, स्नेहा मिड्ढा, संगीता बांगा, शैली ठुकराल, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, दिवेश गुप्ता, वीके सिंह, रवि सिंडाना, सतीश अरोरा, प्रवेश साहनी, रामकिशन कोली आदि मौजूद थे।

